>

Title: Need to obtain approval of Planning Commission for the laying of a new railway line between Ramganjmandi and Ujjain via Jhalawar in Dewas and Ujjain Parliamentary Constituencies of Madhya Pradesh.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): माननीय सभापति जी, धन्यवाद। मैं संपूर्ण देश के संदर्भ में वह क्षेत्र, जो आज भी विकास की गति में पिछड़े हुए हैं, उन क्षेत्रों की बात यहां रखने के लिए खड़ा हुआ हूं।

माननीय सभापति महोदय, वर्ष 2010-11 और वर्ष 2011-12 के रेल बजट भाषण में तत्कालीन रेल मंत्री जी ने इस बात का उल्लेख किया था कि जो क्षेत्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के हैं, जो विकास की गति में पिछड़े हैं और जो क्षेत्र नक्सलाइट इलाके कहलाते हैं, वहां पर बिना लाभ-हानि के आधार पर नई रेलवे लाइन बिछाने का काम अतिशीघ्र किया जाएगा। दुर्भाग्य के साथ मैं कहना चाहता हूं कि तत्कालीन रेल मंत्री जी ने ये शब्द अपने भाषण में कहे और महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में इस तरह के शब्द कहे कि सरकार पिछड़े, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जो क्षेत्र हैं, उनमें नयी रेल लाइन बिछाएगी।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में दुख के साथ कहना चाहता हूं कि मेरा देवास लोक सभा क्षेत्र मध्य प्रदेश का है, जहां रामगंज मंडी झालावाड़, आगरा होते हुए उज्जैन एक रेलवे लाइन का सर्वे आज से आठ-नौ वर्ष पहले हुआ था। मैंने इसके लिए बार-बार लोक सभा में प्रश्न किया। माननीय मंत्री जी के यहां कहे हुए शब्द अलग हो जाते हैं। मुझे प्रश्नों का जवाब यह आता है कि इस रेलवे लाइन का सर्वे संपूर्ण हो गया है, लेकिन इस रेलवे लाइन के निर्माण में हानि परिलक्षित हो रही है, इसलिए यह रेलवे लाइन नहीं बिछाई जा सकती।

सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि जो शब्द सरकार कहे, वे शब्द मिथ्या नहीं होने चाहिए और निश्चित ही वे इलाके, जो अनुसूचित जाति एवं जनजाति के नक्सलाइट प्रभावित हैं, वहां पर सबसे पहले रेलवे लाइन बिछाने का काम किया जाना चाहिए। तभी जो विकसित क्षेत्र एवं अविकसित क्षेत्र हैं, उनकी असमानता और दूरी हम कम कर सकते हैं और इस तरह के सही निर्णय धरातल पर मूर्त रूप ले सकते हैं।

सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जो मैंने रेलवे लाइन के सर्वे की बात बताई, उसे संपूर्ण कराने की व्यवस्था करें। धन्यवाद।